# H.P. BOSE
## Sample Paper
## Session-2021-22
### SECOND TERMINAL EXAM 2022
## आदर्श प्रश्न पत्र ( द्वितीय सत्र )
## विषय हिन्दी

**समयः 3 घंटे** **कक्षा 10+1** **पूर्णांकः 50**

**निर्देश**–

क) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। परीक्षार्थी यथा संभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

ख) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

ग) प्रश्नों के उत्तर देते समयजो प्रश्न संख्या प्रश्न–पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर–पुस्तिका पर वही प्रश्न संख्या लिखना अनिवार्य है।

घ) सुलेख का विशेष ध्यान रखें।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर अंत में दिए प्रश्नों के उचित विकल्प चुनें :

वर्तमान युग कंप्यूटर युग है। यदि भारतवर्ष पर नज़र दौड़ा कर देखें तो हम पाएंगे कि जीवन के लगभग सभी क्षेत्रों में कंप्यूटर का प्रवेश हो गया है। बैंक, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डे, डाकखाने, बड़े–बड़े उद्योग, कारखाने, व्यवसाय, हिसाब–किताब, रुपये तक की मशीनें कंप्यूटरीकृत हो गई हैं। अभी एक कंप्यूटर का प्रारंभिक प्रयोग है। आने वाला समय बदलाव का



Downloaded from cclchapter.com

संकेत दे रहा है। क्या कंप्यूटर आज की ज़रूरत है ? इसका उत्तर है- कंप्यूटर जीवन की मूलभूत अनिवार्य वस्तु तो नहीं, किंतु इसके बिना दुनिया अधूरी जान पड़ती है।

सारी गतिविधियों, परिवहन और संचार उपकरणों आदि का ऐसा विस्तार हो गया है कि उन्हें सुचारू रूप से चलाना अत्यंत कठिन होता जा रहा है।

कहते हैं आवश्यकता आविष्कार की जननी है। इस आवश्यकता ने अपने अनुसार निदान ढूँढ लिया है। कंप्यूटर एक ऐसी स्वचालित प्रणाली है जो कैसी भी अव्यवस्था को व्यवस्था में बदल सकती है। क्रिकेट के मैदान में अंपायर की निर्णायक भूमिका हो या लाखों करोड़ों की लंबी-लंबी गणनाएं, कंप्यूटर पलक झपकते ही आपकी समस्या हल कर सकता है।

पहले इन कामों को करने वाले कर्मचारी हड़बड़ा कर काम करते थे। एक भूल से घबराकर और अधिक गड़बड़ी करते थे। परिणामस्वरूप काम कम तनाव अधिक होता था। अब कंप्यूटर की सहायता से काफी सुविधा हो गई है।

1. वर्तमान युग कंप्यूटर का युग क्यों है ?

क) कंप्यूटर के बिना जीवन की कल्पना असंभव सी हो गई है ?

ख) कंप्यूटर ने पूरे विश्व के लोगों को जोड़ दिया है ?

ग) कंप्यूटर जीवन की अनिवार्य मूलभूत वस्तु बन गया है ?

घ) कंप्यूटर मानव सभ्यता के सभी अंगों का अभिन्न अवयव बन चुका है।

ङ) उपरोक्त सभी



Downloaded from cclchapter.com

2. कंप्यूटर के महत्त्व के विषय में कौन सा विकल्प सही है।

क) कंप्यूटर काम के तनाव को समाप्त करने का उपाय है।

ख) कंप्यूटर कई मानवीय भूलों को निर्णायक रूप से सुधार देता है।

ग) कंप्यूटर के आने से सारी हड़बड़ाहट दूर हो गई है।

घ) मानव की सारी समस्याओं का हल कंप्यूटर से संभव है।

3. गद्यांश के अनुसार किस आवश्यकता ने कंप्यूटर में अपना निदान ढूँढ लिया है ?

क) अनियंत्रित कर्मचारियों को अनुशासित करने की।

ख) अनियंत्रित गति को सुव्यवस्था देने की।

ग) अधिक से अधिक लोगों से जुड़ जन-जागरण लाने की।

घ) अधिक से अधिक कार्य कभी भी और कहीं भी करने की।

4. कंप्यूटर के प्रयोग से पहले अधिक तनाव क्यों होता था ?

क) लंबी-लंबी गणनायें करनी पड़ती थी।

ख) गलतियों के डर से कर्मचारी घबराए रहते थे।

ग) क्रिकेट मैचों में गलत निर्णय का खतरा रहता था।

घ) मानवीय मूलों के कारण बड़ी दुर्घटनाएं होती थी।

5. कंप्यूटर के बिना आज की दुनिया अधूरी क्यों है ?

क) क्योंकि सारी व्यवस्था, उपकरण और मशीनें कंप्यूटरीकृत है।

ख) कंप्यूटर ही मानव एकीकरण का आधार है।

ग) कंप्यूटर ने सारी प्रक्रिया आसान बना दी है।



Downloaded from cclchapter.com

घ) कंप्यूटर दुबारा मानव सभ्यता अधिक, समर्थ हो गई है।

2. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर उसके अंत में दिए गए प्रश्नों के उचित उत्तर ? विकल्प के माध्यम से दें।

सुख-दुख मुस्काना धीरज से रहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना, मैं वीर नारी हूँ।
साहस की बेटी,
मातृभूमि- रक्षा को
वीर सजा देती।
आकुल अंतर की पीर राष्ट्र हेतु सहना,
वीरों की माता हूँ वीरों की बहना।
मात-भूमि जन्मभूमि।
राष्ट्र-भूमि मेरी,
कोटि-कोटि वीर पूत
द्वार-द्वार देरी।
जीवन-भर मुस्काए भारत का अंगना
वीरों की माता हूँ, वीरों की बहना।

1) सुख-दुख में मुस्काते हुए कैसे सहनी चाहिए ?

क) धीरज ख) धीर

ग) शीर घ) वीर



Downloaded from cclchapter.com

2) आकुल अंतर की पीड़ा किस के लिए रहनी चाहिए?

क) राष्ट्र ख) समाज

ग) जाति घ) धर्म

3) मातृभूमि, जन्मभूमि .......... मेरी। उपयुक्त शब्द के माध्यम से खाली स्थान भरिए।

क) देव भूमि ख) शहर भूमि

ग) राष्ट्र भूमि घ) मरू भूमि

4) भारत का अंगना कब तक मुस्कुराए।

क) जीवन भर ख) उम्र भर

ग) मुट्ठी भर घ) पल भर

3. किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखें:

क) नशा : एक सामाजिक बुराई

ख) राष्ट्रीय शिक्षा नीति

ग) हिमाचल के प्रसिद्ध मेले एवं त्योहार

4. बड़ी बहन की ओर से छोटे भाई को, खर्चीले फैशन की होड़ तथा कुसंगति छोड़कर परिश्रम करने की सलाह देते हुए पत्र लिखिए।

अथवा

नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अपने मुहल्ले राम नगर की गंदगी के विषय में अवगत करवाइए।



Downloaded from cclchapter.com

5. निम्नलिखित प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही उत्तर का चयन कीजिए।

1) पत्रकारिता से क्या आशय है ?

   क) तीसरे पेज पर छपने वाली सामग्री

   ख) तीन पेजों वाला समाचार पत्र

   ग) फैशन, अमीरों की पार्टियां व जाने-माने लोगों के निजी जीवन से संबंधित सामग्री का प्रकाशन

   घ) तीन पेजों वाली पत्रिका

2) समाचारों के संपादन में किन प्रमुख सिद्धांतों का पालन ज़रूरी नहीं है ?

   क) निष्पक्षता

   ख) संवाददाता का जीवन परिचय

   ग) तथ्यपरकता

   घ) संतुलन व स्रोत की जानकारी

3) पत्रकारिता का प्रकार नहीं है-

   क) वॉचडॉग

   ख) वाचिंग ऑफ डॉग

   ग) खोजपरक

   घ) एडवोकेसी

6. शब्दकोश से आप क्या समझते हैं ?

अथवा

संदर्भ-ग्रंथ के बारे में आप क्या जानते हैं ? इसके कितने प्रकार हैं ?



Downloaded from cclchapter.com

7. निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की संपूर्ण व्याख्या करें।

तुंग हिमालय के कंधों पर
छोटी-बड़ी कई झीलें हैं,
उनके श्यामल नील सलिल में
समतल देशों से आ-आकर
पावस की ऊमस के आकुल
तिक्त-मधुर किसतंतु खोजते
हंसों को तिरते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

अथवा

औरे भाँति कुंजन में गुंजरत भीर भौंर,
औरे डौर सौरन पैं बौरना के ह्वै गए।
कहैं पदमाकर सु औरे भाँति गतिमानि।
छलिया छबीले छैल औरै छबि छवै गए।
औरे भाँति बिहग-समाज में अवाज होति,
ऐसे रितुराज के न आज दिन ह्वै गए।
औरे रस औरै रीति औरै राग औरै रंग,
औरे तन औरै मन औरै बल है गए।



Downloaded from cclchapter.com

8. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें।

क) बसंत ऋतु में प्रकृति में क्या परिवर्तन होता है ?

ख) बादलों का वर्णन करते हुए कवि को कालिदास की याद क्यों आती है ?

ग) 'रिश्ते हैं, लेकिन खुलते नहीं' कवि के सामने ऐसी कौन-सी विवशता है जिससे आपसी रिश्ते भी नहीं खुलते हैं ?

9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1) सुदामा पांडेय 'धूमिल' का जन्म कब और कहाँ हुआ ?

क) सन् 1911 में बिहार के दरभंगा जिले में।

ख) सन् 1936 ई० में वाराणसी (उत्तर प्रदेश) के निकट 'खेवली' नामक गाँव में।

ग) सन् 1753 ई० में बाँदा, उत्तर प्रदेश में।

2) इनमें से कौन-सी रचना 'धूमिल' की नहीं है ?

क) 'संसद से सड़क तक'

ख) 'सुदामा पाण्डेय का प्रजातन्त्र'

ग) प्रतिबद्ध

10. कवि पद्माकर जी की साहित्यिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

11. अमल धवल गिरि के शिखरों पर
बादल को घिरते देखा है।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को,



Downloaded from cclchapter.com

मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है।
बादल को घिरते देखा है।

1) उपरोक्त पंक्तियों में कवि किस का वर्णन कर रहे हैं?
   क) बादल का
   ख) कमल का
   ग) मानसरोवर का
   घ) इनमें से कोई नहीं

2) 'अमल-धवल' में प्रयुक्त अलंकार कौन-सा है?
   क) उत्प्रेक्षा
   ख) अनुप्रास
   ग) यमक
   घ) उपमा

3) उपरोक्त पद्यांश किस भाषा में रचित है?
   क) तत्सम् तद् भव युक्त खड़ी बोली
   ख) अपभ्रंश
   ग) सरल भाषा
   घ) फारसी भाषा



Downloaded from cclchapter.com

12. निम्नलिखित गद्यांश में से किसी एक की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

सब उन्नतियों का मूल धर्म है। इससे सबके पहले धर्म की उन्नति करनी उचित है। देखो, अंग्रेजों की धर्म नीति और राजनीति परस्पर मिली है, इससे उनकी दिन-दिन कैसी उन्नति है। उनको जाने दो, अपने ही यहाँ देखो। तुम्हारे यहाँ धर्म की आड़ में नाना प्रकार की नीति, समाज गठन, वैद्यक आदि भरे हुए हैं। दो-एक मिसाल सुनो। यही तुम्हारा बलिया का मेला और यहाँ स्नान क्यों बनाया गया है ?

अथवा

स्वतंत्रता का अनुभव हम स्त्रियों को है ही नहीं। इस बात कीआज शपथ लो कि स्त्री को उसका अधिकार दोगे और उसे अपनी स्वतंत्रता का अनुभव करने दोगे। यह अकांक्षा सिर्फ वधू की ही नहीं, गुलामी से मुक्ति चाहने वाली हर स्त्री की थी।

13. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दें:

क) 'गूंगा दया या सहानुभूति नहीं, अधिकार चाहता था'- सिद्ध कीजिए।

ख) ज्योतिबा फुले ने किस प्रकार की मानसिकता पर प्रहार किया और क्यों ?

ग) 'भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि 'इस अभागे आलसी देश में जो कुछ हो जाए वही बहुत कुछ है' क्यों कहा गया है ?

14. गद्य लेखकों के जीवन एवम् साहित्यिक विशेषताओं से संबंधित प्रस्नों के उत्तर सही विकल्प के माध्यम से चुनें :



Downloaded from cclchapter.com

1) रांगेय राघव का मूल नाम क्या था?

क) तिरुमल्लै नंबाकम वीर राघव आचार्य

ख) धनपत राय

ग) श्री राम वर्मा

घ) इनमें से कोई नहीं

2) 'ज्योतिबा फुले' की जीवनी के लेखक इनमें से कौन हैं?

क) रांगेय राघव

ख) सुधा अरोड़ा

ग) भारतेंदु हरिश्चंद्र

घ) अमरकांत

3) भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा लिखित मौलिक नाटक कौन-कौन से हैं?

क) वैदिक हिंसा हिंसा न भवति

ख) श्री चंद्रावली

ग) भारत दुर्दशा

घ) उपरोक्त सभी

15. किसी एक लेखक का जीवन परिचय लिखें:

क) भारतेंदु हरिश्चंद्र

ख) सुधा अरोड़ा



Downloaded from cclchapter.com

16. किसी एक प्रश्न का उत्तर दीजिए।

क) सरदार सोभा सिंह को धौलाधार का संत क्यों कहा जाता है ?

ख) ''जो रुदन के विभिन्न रूपों को पहचानता है वह साधारण बालक नहीं है। बड़ा होकर वह निश्चय ही मनस्तत्व के व्यापार में प्रसिद्ध होगा।'' अघोर बाबू के मित्र की इस टिप्पणी पर 'अवारा मसीहा' पाठ के आधार पर टिप्पणी कीजिए।

ग) 'अवारा मसीहा' पाठ के आधार पर बताइए कि नाना के घर किन-किन बातों का निषेध था ? शरत् को उन निषिद्‌ध कार्यों को करना क्यों प्रिय था ?



Downloaded from cclchapter.com